# मुख्यमंत्री से मिले मृतक उदित गायकी के परिजन

- कोई भी दोषी बचेगा नहीं : डॉ. मोहन यादव
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले – होगी सख्त कार्रवाई



**भोपाल, 19 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने दिवंगत युवक उदित गायकी पिता व परिजनों से मुलाकात की. मुख्यमंत्री निवास में इस मुलाकात के दौरान पीडित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया गया.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलवाया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा, दोषी कोई भी हो उसे बख्शा नहीं जाएगा. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार पीड़ित परिवार के साथ है. दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी. दिवंगत युवक के पिता राजकुमार गायकी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिवंगत युवक उदित गायकी के पिता राजकुमार गायकी और परिजनों से कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार इस दुखद घटना को लेकर पहले दिन से गंभीर है. दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है. उनके खिलाफ विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी.

## गोवर्धन पूजा आयोजन को लेकर दिए निर्देश

भोपाल. डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत 21 और 22 अक्टूबर को सभी जिलों के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और गौशालाओं में गोवर्धन पूजा धूमधाम से आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में मंत्री, सांसद, विधायक, नगरीय निकायों और पंचायत प्रतिनिधियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाए. मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास से आयोजित वर्चुअल संवाद में दिए. उन्होंने प्रदेश के सभी सांसद, विधायक, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगरीय निकायों के पदाधिकारी और अन्य अधिकारियों को संबोधित किया. डॉ. यादव ने स्थानीय स्तर पर सक्रिय सांस्कृतिक मंडलों को शामिल करते हुए कार्यक्रमों को उत्सव के रूप में मनाने पर जोर दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा न केवल धार्मिक महत्व रखती है बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक विरासत को सहेजने का अवसर भी है.

## पुलिस ने किया 2 क्विंटल 80 किलो गांजा जप्त

**ग्वालियर.** पुलिस ने एक ट्रक से 2 क्विंटल 80 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत 28 लाख रुपए बताई जा रही है. तस्कर गांजा को पौधों के बीच छिपाकर आंध्रप्रदेश से दिल्ली ले जा रहे थे. ग्वालियर झांसी रोड थाना और क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई में तीन आरोपियों अविनाश यादव, अजय गुर्जर और धर्मेंद्र गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया. ट्रक से 55 पैकेट गांजा, तौल कांटा, और मोबाइल बरामद किए गए हैं. पुलिस जांच में सामने आया कि ट्रक अजय गुर्जर के भाई का है. जब ट्रक की तलाशी ली गई, तो पौधों के बीच गांजा के पैकेट मिले. पुलिस के अनुसार, गांजा और ट्रक मिलाकर कुल कीमत लगभग 80 लाख रुपए है.

# संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल एमपी पुलिस

## सीएम के कार्यक्रम में पुलिस की करुणा बनी चर्चा का विषय

**भोपाल, 19 अक्टूबर. राज्यभर में पुलिस बल ने न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा, बल्कि संकट की हर घड़ी में जरूरतमंदों के जीवन और सम्मान की रक्षा कर समाज में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है.**



हाल ही में कार्यक्रम के दौरान इंसानियत और संवेदनशीलता का भावनात्मक दृश्य देखने को मिला. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के राजगढ़ प्रवास के दौरान किसानों को राहत राशि वितरण कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक भागीरथ शाक्य (पुलिस लाइन, राजगढ़) ने मानवता की मिसाल पेश की. उन्होंने एक विकलांग व्यक्ति को गोद में उठाकर कुर्सी पर बैठाया, जिसका दृश्य देखकर उपस्थित जनसमूह ने पुलिस की संवेदनशील छवि की सराहना की.

> गुना में राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलटे प्रोपेन गैस टैंकर के दौरान तत्काल कार्रवाई कर पुलिस ने संभावित बड़े हादसे को टाल दिया. चालक की जान बची, रिसाव नियंत्रित हुआ और यातायात शीघ्र बहाल किया गया—यह सतर्कता का श्रेष्ठ उदाहरण है. मैहर में नवरात्रि मेला ड्यूटी के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के साथ जनसेवा, सहायता और सौम्यता का जो परिचय दिया गया, उसने जन के रक्षक, जन के अपने की परिभाषा को सार्थक किया. विदिशा में एफआरवी टीम के कर्मियों ने आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को धैर्य, समझाइश और सूझबूझ से सुरक्षित उतारा और परिवार को सौंपा.

छिंदवाड़ा में थाना बटकाखापा पुलिस ने जंगल में परित्यक्त नवजात शिशु को सुरक्षित बचाकर उसके माता-पिता को गिरफ्तार किया। यह कार्य पुलिस की मानवीय संवेदना और तत्परता का उत्कृष्ट प्रतीक है. इंदौर में 62 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक क्रिस्टोफर पैरी के आकस्मिक निधन पर पुलिस ने परिजनों की अनुपस्थिति में पूर्ण सम्मान और संवेदनशीलता के साथ उनका अंतिम संस्कार कराया—यह न केवल विधि पालन का कार्य था, बल्कि गहरी मानवता की मिसाल भी.

**दूध शाकाहार नहीं है, विवादित पोस्टर लगाए-** जबलपुर. दूध शाकाहार नहीं है का विवादित पोस्टर लगा दिया गया जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया साथ ही लगाने वाले युवको को हिरासत में लेकर पूछताछ की।जानकारी के मुताबिक गौरीघाट क्षेत्र में दूध शाकाहार नहीं है का पोस्टर लगा था।

# नवंबर महीने से बढ़ सकती है ठंड

## बैतूल, देवास सहित कुछ स्थानों पर हल्की बारिश

### मानसून विदा, फिर भी कई स्थानों पर हो रही बारिश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल,19 अक्टूबर. मप्र में मौसम का मिजाज बद रहा है. मानसून की विदाई के बाद भी कई स्थानों पर बारिश के आसार सोमवार को बने रहेंगे.**



अगले 24 घंटे के दौरान बैतूल, देवास, हरदा, इंदौर, धार और बड़वानी जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना बनी है. मौसम विभाग ने प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है. प्रदेश के अन्य हिस्सों में मौसम के खुले रहने के आसार हैं. दीपवाली पर्व के दौरान रात और सुबह के समय में हल्की ठंड महसूस की जा रही है.

> दिन में निकल रही तेज धूप से गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है. अक्टूबर के महीने में मौसम का मिलाजुला मिजाज महसूस होता रहेगा. मौसम विभाग ने अलग-अलग जिलों के तापमान की जानकारी भी साझा की है. मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि नवंबर महीने से सर्दी का अहसास होगा. तापमान में गिरावट होने से दूसरे सप्ताह से तेज ठंड का दौर भी शुरू हो जाएगा.




# नशे की अवैध फैक्ट्री पर एनसीबी का छापा

- 3.44 करोड़ की अल्प्राजोलम बरामद, दो फार्मा इंजीनियर गिरफ्तार
- रतलाम में बनाई जा रही थी मनोप्रभावी खतरनाक दवा
- इंदौर एनसीबी टीम की कार्रवाई





नव भारत न्यूज

**इंदौर. गृह मंत्रालय के निर्देश पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो इंदौर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रतलाम जिले में अल्प्राजोलम बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. छापेमारी के दौरान टीम ने 13.762 किलो अल्प्राजोलम पाउडर जप्त किया. इसकी कीमत करीब 3.44 करोड़ बताई जा रही है.**

एनसीबी द्वारा यह कार्रवाई ग्राम सजेवता, मऊ-नीमच रोड स्थित एक किराए के गोदाम में मिली पुख्ता सूचना के बाद की गई. यहां पर फार्मा की डिग्रीधारी आरोपी हाई क्वालिटी के उपकरणों से अवैध रूप से साइकोट्रॉपिक ड्रग 'अल्प्राजोलम' तैयार कर रहे थे. एनसीबी की टीम ने मौके से दो आरोपियों 51 वर्षीय रूप सिंह चौहान और 39 वर्षीय अभिजीत सिंह चौहान को गिरफ्तार किया. दोनों इंदौर के हैं और फार्मेसी क्षेत्र से पढ़े हुए हैं. रूप सिंह ने श्रीवैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस, इंदौर से बीटेक किया है. वह पूर्व में विल्सन फार्मा व श्रीधारा लाइफ साइंसेज (रुडक़ी) जैसी कंपनियां चला चुका है. उसके खिलाफ 2021 में तेलंगाना आबकारी विभाग ने अल्प्राजोलम तस्करी का केस दर्ज किया था, जिसमें वह जेल भी जा चुका है. वहीं, अभिजीत सिंह चौहान, ऋषिराज कॉलेज ऑफ फार्मेसी से स्नातक है और पहले इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, रतलाम से जुड़ा रहा. बाद में दोनों ने मिलकर अवैध रूप से यह रसायन तैयार करना शुरू किया.

### पिछले 10 महीने से बना रहे थे नशे की दवा

एनसीबी की जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने जनवरी 2025 से किराए पर लिए गए गोदाम में यह काम शुरू किया था. प्रयोगशाला से टीम ने कई रासायनिक पदार्थ और लैब उपकरण बरामद किए. वहां से जप्त किए गए सामान में राउंड बॉटम फ्लास्क, ऑयल बाथ, कंडेन्सर, स्टिरर, थर्मामीटर समेत बड़ी मात्रा में मेथेनॉल, आइसोप्रोपाइल अल्कोहल, टोल्यून, एथाइल एसीटेट और क्लोरोफॉर्म जैसे केमिकल्स शामिल हैं. एनसीबी इंदौर जोनल यूनिट ने इस पूरे ऑपरेशन को खुफिया इनपुट पर अंजाम दिया. टीम कई दिनों से संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रख रही थी. जब पुष्टि हो गई कि यहां अवैध रूप से अल्प्राजोलम तैयार की जा रही है, तब टीम ने मौके पर दबिश देकर इतनी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया.

# अखिलेश के बयान पर सियासत गरमाई

**भोपाल. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर मध्य प्रदेश की सियासत गरमा गई है.**

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखा प्रहार करते हुए कहा —जिनके पिता कार सेवकों के हत्यारे हों, उनके बेटे को न सनातन धर्म भाएगा न दीया. उन्होंने कहा कि दीया देखकर जिनके दिल जलते हैं, जलते रहें, हम दिया जलाकर दुनिया को रोशन करते रहेंगे. रामेश्वर शर्मा ने कहा कि अखिलेश यादव को समझ लेना चाहिए कि अयोध्या में तो दीया जलेगा ही, जल्द ही मथुरा में भी दीपावली मनाई जाएगी. गौरतलब है कि लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा था कि क्रिसमस के समय शहर जगमगाते हैं, वैसे ही सीख लेनी चाहिए — दीयों-मोमबत्तियों पर बार-बार खर्च क्यों करना.

उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे सनातन धर्म का अपमान बताया है.




# ऑपरेशन फास्ट में 2,204 फर्जी सिम कार्ड जप्त



**भोपाल 19 अक्टूबर मध्यप्रदेश पुलिस ने साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए हाल ही में 22 लाख से अधिक की ठगी की राशि पीड़ितों को वापस कराई है. वहीं, ऑपरेशन फास्ट के तहत साइबर ठगी में प्रयुक्त 2,204 फर्जी मोबाइल सिम कार्ड जब्त किए गए हैं.**

पिछले माह भी पुलिस ने 97 लाख से अधिक की राशि पीड़ितों को लौटाई थी. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन में राज्य के विभिन्न जिलों की पुलिस टीमों ने साइबर ठगी प्रकरणों में तीव्र और तकनीकी कार्रवाई की. पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग समन्वय, ऑनलाइन ट्रेसिंग, सी-डैक प्लेटफॉर्म और साइबर क्राइम पोर्टल की सहायता से 22,34,162 की राशि पीड़ितों को वापस कराई. इनमें पन्ना जिले में 16,70,000, देवास में 3,28,962, शिवपुरी में 1,60,000, टीकमगढ़ में 44,700 और उज्जैन जिले में 30,500 की राशि शामिल है.

इन मामलों में ठगी की रकम साइबरवन एप सहित विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से ट्रांजैक्ट की गई थी. पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंकों और एजेंसियों के सहयोग से राशि सुरक्षित वापस कराई. उल्लेखनीय है कि पिछले माह भी मध्यप्रदेश पुलिस ने ग्वालियर में 50 लाख, बालाघाट में ?40 लाख, देवास में 1.79 लाख और खरगोन में 5.59 लाख की राशि वापस कराई थी.

मध्यप्रदेश पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक, ऐप या कॉल के माध्यम से अपनी बैंकिंग जानकारी साझा न करें. साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत.द्घ्ठ्ठ पर शिकायत दर्ज करें या हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60